## बिहार स्पेशल

### राज्य के दस शहरों मे बनेंगे हवाई अड्डे

**चर्चा में क्यों?**

नगर विमानन मंत्रालय के अनुसार बिहार के दस शहरों में उड़ान 5.2 योजना के तहत हवाई अड्डा बनेगे।

- बिहार के वीरपुर, महरमा, भागलपुर मुंगेर, मुजफ्फरपुर, वाल्मीकिनगर, मोतिहारी, रक्सौल, मधुवनी एवं छपरा में हवाई अड्डों पर छोटे विमान प्रचालन का प्रस्ताव है।
- इन शहरों के लिए बोलियां प्राप्त हुई हैं। इन हवाई अड्डों पर 20 से कम सीटों वाले विमानों की बोलियां प्राप्त हुई है।

**वर्तमान में बिहार में इन तीन हवाईअड्डों पर हो रहा परिचालन**

- गया एयरपोर्ट: यह बिहार का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट है, जो गया शहर में स्थित है। यह एयरपोर्ट विश्व धरोहर स्थल बोधगया के निकट है ।
- जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा: यह पटना में स्थित है और बिहार का एक प्रमुख घरेलू एयरपोर्ट है।
- दरभंगा एयरपोर्ट: यह दरभंगा में स्थित है और एक घरेलू एयरपोर्ट है । यहां से मिथिलांचल के लोगों को सुविधा मिलती है।

### बिहार खेल छात्रवृत्ति योजना-2024 को मंजूरी

**चर्चा में क्यों?**

बिहार सरकार ने राज्य के खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के मद्देनज़र '**दीर्घकालीन एथलीट विकास कार्यक्रम**' के तहत बिहार खेल छात्रवृत्ति योजना-2024 को मंजूरी दी है।

- योजना का उद्देश्य राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाकर उनकी प्रतिभा को निखारना है।
- मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज सहित तमाम कॉलेज में खेल कोटा के तहत दाखिला लेने के लिए सीटों की संख्या का निर्धारण भी किया गया है।

**तीन श्रेणी**

- बिहार खेल छात्रवृति योजना को तीन श्रेणी में बांटा गया है।

**पहली श्रेणी**

- पहली श्रेणी जिले से लेकर राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की है. इसमें 12 से 18 वर्ष की उम्र के 500 खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष 3 लाख रुपये दिए जा रहे हैं।
- स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में व्यक्तिगत और टीम खेल में पदक जीतने वालों को इसमें शामिल किया जा रहा है।

**दूसरी श्रेणी**

- दूसरी श्रेणी के तहत 12 से 24 आयु वर्ग के राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 200 खिलाड़ियों को हर साल 5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।
- इसमें वह एथलीट शामिल हैं जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेते हैं या अखिल भारतीय विवि या राष्ट्रीय संघों द्वारा आयोजित खेल में पदक जीते हैं।

**तीसरी श्रेणी**

- बिहार खेल छात्रवृति योजना के माध्यम से तीसरी श्रेणी में ओलिंपिक स्तर के 25 खिलाड़ियों को 20 लाख रुपए प्रतिवर्ष मदद की जा रही है।
- तीसरे समूह में ओलंपिक स्तर की योग्यता हासिल करने वाले खिलाड़ियों को 20 लाख रुपये सालाना वित्तीय सहायता दी जा रही है जो वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीते हों या भाग लिया हो।
- इसमें विदेश में प्रशिक्षण की सुविधा भी शामिल है। राज्य खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की तरफ से खिलाड़ियों को खेल छात्रवृत्ति मुहैया कराई जा रही है।

## अर्थव्यवस्था

### मोटा अनाज आधारित उत्पादों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना

**चर्चा में क्यों?**

भारत सरकार ने खाद्य उत्पादों में मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ावा देने और उनके मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करने के लिए वित्त **वर्ष 2022-2023 से वित्त वर्ष 2026-2027** की अवधि के लिए 800 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ मोटा अनाज आधारित उत्पादों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएमबीपी) शुरू की।

- प्रोत्साहन राशि हेतु अर्हता प्राप्त करने के लिए इस योजना के तहत चयनित कंपनियों को आधार वर्ष की तुलना में कम से कम 10 प्रतिशत की साल-दर-साल बिक्री वृद्धि हासिल करनी होगी।
- यह योजना उपभोक्ता पैक में ब्रांडेड **रेडी-टू-ईट और रेडी-टू-कुक** उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करती है जिसमें वजन या मात्रा के हिसाब से 15 प्रतिशत से अधिक मोटा अनाज होता है।
- योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, मोटा अनाज आधारित उत्पादों की तैयारी में केवल घरेलू स्रोत वाले कृषि उत्पादों (एडिटिव्स, फ्लेवर और तेलों को छोड़कर) का उपयोग किया जाना चाहिए।
- इससे स्थानीय उत्पादन और कृषि उपज की खरीद को बढ़ावा मिला है, जिससे किसानों को लाभ हुआ है।

**योजना अवधि**

- इस योजना की अवधि पांच वर्ष है। पहले प्रदर्शन वर्ष (वित्त वर्ष 2022-2023) के संबंध में दावे वित्त वर्ष 2023-2024 में दाखिल किए जाने थे।

## खेल

### कुश मैनी ने जीता फॉर्मूला-2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप




**चर्चा में क्यों**

भारतीय रेसर कुश मैनी ने फॉर्मूला-2 कंस्ट्रक्टर्स रेस जीतकर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचा।

- वह एफआईए कंस्ट्रक्टर्स विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।
- मैनी के लिए फार्मूला-2 में यह सत्र शानदार रहा। इससे पहले वह इस रेस में पोल पोजीशन हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे।
- यह टीम इस सत्र में पांच बार पोडियम पर पहुंची, जिसमें हंगरी में पहला स्थान हासिल करना भी शामिल है।
- इस भारतीय रेसर ने जेद्दा में पोल पोजीशन हासिल की थी।

## चर्चित व्यक्तित्व

### संजय मल्होत्रा

**चर्चा में क्यों?**

केंद्र सरकार ने 9 दिसंबर, 2024 को राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को भारतीय रिजर्व बैंक के 26वें गवर्नर के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की।

- संजय मल्होत्रा आरबीआई के नए गवर्नर होंगे, जो शक्तिकांत दास की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 10 दिसंबर, 2024 को समाप्त हो रहा है।
- राजस्थान कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1990 बैच के अधिकारी हैं।
- संजय मल्होत्रा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग स्नातक हैं और उनके पास प्रिंसटन यूनिवर्सिटी, यू.एस.ए. से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर डिग्री है।
- वे 11 दिसंबर,2024 को मिंट स्ट्रीट,चेन्नई में देश की मौद्रिक नीति रूपरेखा और बैंकिंग विनियमन का कार्यभार संभालेंगे।




## महत्वपूर्ण दिन/ तिथियाँ

### मानवाधिकार दिवस

**चर्चा में क्यों?**

मानवाधिकार दिवस प्रतिवर्ष **10 दिसंबर** को दुनिया भर में मनाया जाता है।

- ❖ यह 1948 में उस दिन की याद दिलाता है जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था।
- ❖ इस दिन का उद्देश्य उन अधिकारों का जश्न मनाना और उन्हें बढ़ावा देना है जो दुर्व्यवहार, उल्लंघन और अन्य नुकसानों से रक्षा करते हैं, यह सुनिश्चित करते हैं कि हर कोई सम्मान और गरिमा के साथ रह सके - चाहे उनकी जाति, लिंग, धर्म, राष्ट्रीयता या कोई अन्य कारक कुछ भी हो।
- ❖ मानवाधिकार दिवस 2024 की थीम **"हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी" है।** यह इस बात पर गौर करता है कि मानवाधिकार हमारे रोजमर्रा के जीवन को कैसे प्रभावित करते हैं।
- ❖ **नोट-** बिहार मानवधिकार आयोग का गठन 10 दिसम्बर, 2008 को किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

- ❖ भारत के घरेलू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म **फ्लिपकार्ट** ने भारत में टेक स्टार्ट-अप्स को समर्थन और सशक्त बनाने के लिए उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- ❖ केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), MoS PMO, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, डॉ. जितेंद्र सिंह ने शासन प्रशिक्षण को मजबूत करने के लिए **"अमृत ज्ञान कोष" पोर्टल** लॉन्च किया।
- ❖ विश्व शौचालय दिवस (19 नवंबर,2024) पर शुरू किया गया **"हमारा शौचालय: हमारा सम्मान"** (HSHS) अभियान 10 दिसंबर, 2024 को मानवाधिकार दिवस पर स्वच्छता को सम्मान और मानवाधिकारों के साथ जोड़ता है।
    - ➢ जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा आयोजित।
- ❖ अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय-अमेरिकी **हरमीत के. ढिल्लों** को अमेरिकी न्याय विभाग में नागरिक अधिकारों के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में नामित किया।
- ❖ कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री **एसएम कृष्णा** का 92 वर्ष की आयु में बेंगलुरु के सदा-शिवनगर स्थित उनके आवास पर निधन हो गया।
- ❖ फिल्म निर्माता **पायल कपाड़िया** ने अपनी फिल्म **ऑल वी इमेजिन एज लाइट** के लिए 82वें गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (मोशन पिक्चर) श्रेणी में नामांकित होने वाली पहली भारतीय निर्देशक बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

❍❍❍❍

CUSTOMER SERVICE
PW Web/App: https://smart.link/7wwosivoicgd4
For more such content, subscribe to our Telegram Channelhttps://t.me/pw_upsc
PSC WALLAH